<u>आकाशवाणी गोरखपुर</u>
<u>प्रादेशिक समाचार</u>

<u>दिनांक–**29 अगस्त** 2026</u> **7:20 AM**

पहले मुख्य समाचार।

- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय के स्थापना दिवस समारोह में हुए शामिल। कहा– राज्य में तैयार हो रहा है शिक्षा और कौशल विकास का इकोसिस्टम।
- प्रदेश में कल हर्षोल्लास के साथ मनाया गया रक्षाबंधन का पर्व। मुख्यमंत्री ने स्कूली बच्चियों से राखी बंधवा कर कहा– बहनों की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलम्बन सुनिश्चित करने के लिये प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही सरकार।
- प्रधानमंत्री जन धन योजना के पूरे हुए बारह वर्ष। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा–वित्तीय समावेशन को बढ़ावा देने और लोगों को सक्षम बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही यह योजना।
- नेपाल के वाल्मीकि गंडक बैराज से पानी छोड़े जाने से महराजगंज और कुशीनगर में प्रशासन अलर्ट। बाढ़ के खतरे को देखते हुए एसडीआरएफ की टीमें की गईं तैनात।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल गोरखपुर में महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय के पांचवें स्थापना दिवस समारोह में हिस्सा लिया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि शिक्षा का उद्देश्य ऐसे युवा तैयार करना है जो अपने ज्ञान और कौशल से अवसर पैदा कर सकें। उन्होंने कहा कि सरकार प्रदेश में एक ऐसा इकोसिस्टम तैयार कर रही है जो युवाओं को शिक्षा, कौशल विकास और रोज़गार के अवसर देकर उन्हें आर्थिक रूप से समृद्ध बनाने में मददगार साबित हो रहा है।

***प्रदेश में डबल इंजन की सरकार प्रदेश के अंदर एक मजबूत इको सिस्टम तैयार कर रही है जहां हर युवा को अपनी योग्यता, रुचि और क्षमता के अनुरूप सीखने, अवसर पाने, उद्यम करने और आगे बढ़ने का पूरा अवसर मिले। हमने पिछले 9 वर्षों में शिक्षा और स्किल से लेकर इंफ्रास्ट्रक्चर, इन्वेस्टमेंट, स्टार्टअप, एमएसएमई और इंडस्ट्री तक एक ऐसा व्यापक इको सिस्टम विकसित किया है जो युवाओं की क्षमता को अवसर, अवसर को रोजगार और आर्थिक समृद्धि में बदलने में सहायक हो सकता है।***

**********

प्रदेश भर में कल भाई–बहन के अटूट स्नेह का प्रतीक रक्षाबंधन का त्यौहार हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की कलाई पर स्कूली बच्चियों ने राखी बांधकर स्नेह जताया। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार बहनों की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन सुनिश्चित कर आधी आबादी के हित में पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है।

***इतनी बड़ी आबादी में केवल 12 फीसदी महिलाएं ही नौकरी या रोजगार के साथ जुड़ पाईं। आजादी के बाद से लेकर 75 वर्ष तक। मुझे बताते हुए प्रसन्नता है कि यह संख्या 12 फीसदी से बढ़कर के 36 फीसदी से अधिक हो चुकी है और हमने हर बड़े शहर में कामकाजी महिलाओं के लिए निशुल्क छात्रावास के निर्माण के कार्यक्रम को आगे बढ़ाया है।***

प्रदेश के सभी कारागारों में भी रक्षाबंधन के पर्व पर उत्सव का माहौल रहा। इस अवसर पर बड़ी संख्या में बहनें अपने भाइयों से मिलने के लिए कारागार पहुंचीं और उनकी कलाई पर राखी बांधी। वाराणसी में रक्षाबंधन के पावन पर्व पर भक्तों ने परम्परागत रूप से बाबा विश्वनाथ को राखी अर्पित कर उनका आशीर्वाद मांगा।

**********

प्रदेश सरकार ने रक्षाबंधन पर राज्य में महिलाओं को परिवहन निगम की बसों में निशुल्क बस यात्रा की सुविधा दी है। महिलाओं के लिए निशुल्क यात्रा की सुविधा आज मध्य रात्रि तक जारी रहेगी। एक दिन पूर्व से शुरू हुयी इस सुविधा का लाभ बड़ी संख्या में महिलाओं और उनके साथ सफर करने वाले सहयात्रियों को मिला है।

**********

प्रदेश की साठ वर्ष और उससे अधिक उम्र की महिलाओं के लिए कल से उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम की साधारण बसों में निशुल्क यात्रा की सुविधा की शुरूआत हो गई। इस सुविधा का लाभ लेने के लिए पात्र महिला यात्री को अपनी उम्र प्रमाणित करने के लिए आधार कार्ड या वोटर आईडी कार्ड दिखानी होगी। यह व्यवस्था लोकमाता अहिल्याबाई मातृ शक्ति यात्रा योजना के तहत लागू की गई है।

**********

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल सुबह ग्यारह बजे आकाशवाणी से 'मन की बात' कार्यक्रम में लोगों से अपने विचार साझा करेंगे। यह मासिक रेडियो कार्यक्रम की एक सौ सैंतीसवीं कड़ी होगी। कार्यक्रम का प्रसारण आकाशवाणी और दूरदर्शन के समूचे नेटवर्क पर किया जाएगा।

**********

राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने बलिया जिले के सरकारी स्कूल में पिछले दो वर्षों से छठी से आठवीं कक्षा के विद्यार्थियों को दोपहर का भोजन नहीं परोसे जाने के मामले में मुख्य सचिव को नोटिस जारी किया है। आयोग ने स्वतः संज्ञान लेते हुए दो सप्ताह के भीतर इस मामले पर विस्तृत रिपोर्ट मांगी है।

**********

प्रधानमंत्री जन–धन योजना के कल बारह वर्ष पूरे हो गए। यह देश में वित्तीय समावेशन के परिदृश्य को बदलने की दिशा में प्रमुख पड़ाव है। एक रिपोर्ट–

***प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि पिछले 12 वर्षों में जन धन योजना के अभूतपूर्व परिवर्तनकारी परिणामों का प्रभाव बेमिसाल है। श्री मोदी ने कहा कि जन धन योजना, वित्तीय समावेशन को बढ़ावा देने और देश के लोगों को सक्षम बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। इस योजना का शुभारंभ प्रधानमंत्री मोदी ने 2014 में किया था। योजना के तहत अब तक 59 करोड़ से अधिक खाते खोले जा चुके हैं। यह योजना सभी भारतीयों के लिए बैंकिंग पहुंच को सुलभ बना रही है। दीपेंद्र की रिपोर्ट के साथ समाचार कक्ष से मैं मनोज।***

**********

नेपाल में बाढ़ के बाद बने हालात को देखते हुए महराजगंज और कुशीनगर में प्रशासन ने हाई अलर्ट जारी किया है और गंडक नदी पर निगरानी बढ़ा दी है। नेपाल के वाल्मीकि गंडक बैराज से लाखों क्यूसेक पानी छोड़े जाने से कुशीनगर में गंडक नदी का जलस्तर बढ़ रहा है। बाढ़ की आशंका को देखते हुए जिला प्रशासन ने संभावित आपात स्थिति से निपटने के लिए एसडीआरएफ की टीम को मौके पर तैनात कर दिया है। प्रशासन ने लोगों से सतर्क रहने की अपील की है। वहीं भारत की ओर से बचाव और राहत कार्यों में मदद के लिए 47 टन से ज़्यादा आपातकालीन राहत सामग्री भेजी गई है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने बताया कि सरकार ने विदेश मंत्रालय में नियंत्रण कक्ष बनाया है, जो चौबीस घंटे काम कर रहा है।

**********

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह कल तीन दिवसीय दौरे पर अपने संसदीय क्षेत्र लखनऊ पहुंचे। अपने लखनऊ प्रवास के दौरान वह विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होने के साथ ही कई विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास करेंगे। भाजपा लखनऊ महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने बताया कि रक्षा मंत्री आज बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय के 11वें दीक्षांत समारोह में शामिल होंगे और कल सुबह 11 बजे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'मन की बात' कार्यक्रम का सीधा प्रसारण सुनेंगे।

**********

केन्द्र सरकार ने कहा है कि देश में चीनी की कोई कमी नहीं है और उचित कीमतों पर पर्याप्त मात्रा में चीनी उपलब्ध कराने के लिए सभी आवश्यक उपाय किए जाएंगे। उपभोक्ता कार्य मंत्रालय ने बताया कि हाल के दिनों में चीनी की कीमतों में लगभग 20 प्रतिशत की गिरावट आई है, जबकि खुदरा चीनी की कीमतें भी कम होने लगी हैं।

***पाक्षिक कोटा के अंतर्गत चीनी मिलों को आमंत्रित मात्र से कम से कम 40प्रतिशत चीनी पहले सप्ताह में और शेष मात्रा अगले सप्ताह में बेचनी होगी। मंत्रालय के अनुसार नए सीजन के लिए गन्ने की पेराई 15 अक्टूबर से शुरू होगी। अक्टूबर महीने के दौरान 10 लाख टन से अधिक चीनी उत्पादन होने की उम्मीद है। सरकार ने चीनी मिलों को अक्टूबर में उत्पादित चीनी को बिना किसी प्रतिबंध के बेचने के लिए अनुमति दी है। जिससे नए सीजन का उत्पादन जल्द से जल्द घरेलू बाजार में उपलब्ध हो सके। नवंबर में चीनी का उत्पादन लगभग 45 लाख टन रहने की उम्मीद है। जिससे घरेलू खपत के लिए चीनी की अतिरिक्त आपूर्ति में पर्याप्त वृद्धि होगी। आनंद कुमार आकाशवाणी समाचार दिल्ली।***

**********

परीक्षा सुधारों के लिए गठित उच्च–स्तरीय कार्य बल ने विद्यार्थियों, अभिभावकों और शिक्षकों सहित सभी हितधारकों से सुझाव आमंत्रित किए हैं। सुझाव 13 सितम्बर तक वेबसाइट, व्हाट्सएप या फोन नंबर 1800–180–4747 के माध्यम से भेजे जा सकते हैं। ये सुझाव ईमेल–**एक्जाम ई–फॉर्म्स टास्क फोर्स एट द रेट ऑफ डीओपीटी डॉट जीओवी डॉट इन** के माध्यम से भी भेजे जा सकते हैं।

उधर, राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी– एनटीए ने यूजीसी–नेट 2026 की 84 विषयों की अंतिम उत्तर कुंजी जारी कर दी है। उत्तर कुंजी नहबदमजण्दजंण्दपबण्पद पर उपलब्ध है।

**********

उत्तर प्रदेश के मध्यम तेज गेंदबाज अयान अकरम को ऑस्ट्रेलिया अंडर–19 के खिलाफ खेले जाने वाले मल्टी–डे मैचों के लिए भारतीय अंडर–19 क्रिकेट टीम में शामिल किया गया है। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच अंडर–19 के दो मल्टी–डे मुकाबले खेले जाएंगे।

**********